गूजरात विद्यापीठ के कोविड-19 तथा आई.सी.टी. ई- जन जागृति अभियान में विपुल भागीदारी

गांधीनगर। ग्रामीण प्रबन्ध अध्ययन केन्द्र गूजरात विद्यापीठ, रांधेजा परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा उन्नत भारत अभियान द्वारा लॉकडाउन-3 दरम्यान दो दिन पूर्व दो लोकोपयोगी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. लोकेश जैन ने बताया कि राज्य में कोरोना की दिनोंदिन बिगड़ती स्थिति ने इससे बचाव के उपायों के प्रसार की आवश्यकता महसूस की जा रही थी इसलिए विभाग की टेक्नीकल टीम के साथी डॉ. सतीष पटेल के सहयोग से कोविड-19 जनजागृति अभियान के तहत ऑन लाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें इससे संबंधित 20 प्रश्न रखे गए थे, सफल अभ्यार्थी को ई- प्रमाणपत्र भी दिया जाना था जो उन्हें प्राप्त हुए गुण तथा आन्सर की के साथ उनके ई-मेल में मिल जाना था। महज 24 घंटों में राज्य के विभिन्न स्थानों से 7,303 लोगों ने सफलता पूर्वक भागीदारी की। इन भागीदारों में विद्यार्थी, अध्यापक, विभिन्न आवासीय सोसायटी के रहीश, आदिवासी एवं बिन आदिवासी विस्तार के लोगों अति उत्साह के साथ भाग लिया। यह एक पैमाना भी है कि लोग कोरोना रोकथाम के लिए जाहिर किए गए सरकारी उपायों के प्रति कितने जागरूक है। इसमें आरोग्य सेतु एप के डाउनलोड, मास्क का उपयोग, साबुन से हाथ धोने, तथा सुरक्षित घर पर रहने जैसी अति महत्वपूर्ण जानकारियों का समावेश किया गया था। विभाग की दूसरी प्रतियोगिता समाज के प्रबुद्ध विद्यार्थी वर्ग को लॉक डाउन के दरम्यान माहिती संचार टेक्नोलोजी के प्रवर्तमान प्रवाहों से जागृत करने के उद्देश्य से थी। इसमें भी आश्चर्यजनक रूप से 24 घंटों में 3, 126 प्रतिभागी भाग लेकर प्रमाणपत्र प्राप्त कर चुके हैं। विभागीय अध्यक्ष डॉ. राजीव पटेल ने बताया कि विभाग के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक सुरक्षित रहते हुए कोविड-19 दरम्यान जन सहायता के कार्य में अपने अपने वतन में अति उत्साह के साथ कार्यरत हैं। नवसारी जिले के वांसदा तालुका के चढाव गांव का वतनी विभाग का आदिवासी छात्र अतुल पटेल पिछले कई दिनों से होम कोरोन्टाइन के फॉर्म आदि भरवाने के कार्य स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ सक्रिय सहयोग कर रहा है। कोरोनो को रोकने के लिए गुजरात सरकार ने विजय संकल्प का कार्यक्रम बनाया था इसमें प्रतीक गांवित, अक्षय पटेल आदि आहवा-डांग से, रांधेजा गांधीनगर से सुमित्रा रावल, मोतीपुरा सादरा से रुत्विक पटेल व निर्मल पटेल आदि अनेक विस्तारों के विद्यार्थियों ने आकर्षक बैनर तैयार कर सोशल मीडिया के माध्यम लोगों में जागृति फैलाने का अदभुत कार्य किया है।